भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1143

जिसका उत्तर 13 फरवरी, 2023 को दिया जाना है

असम में नए कोयला भंडार और कोयला क्षेत्र

1143. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने असम के कार्बी आंगलोंग जिले में नए कोयला भंडारों और कोयला क्षेत्रों की पहचान की है;

(ख) कितने कोयले और प्राकृतिक गैस का निर्यात और आयात किया गया है; और

(ग) देश में कितनी कोयला खदानें चल रही है और कितनी खदानें अभी भी कार्य नहीं कर रही हैं?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क): दिनांक 01-04-2022 तक कोयला और लिग्नाइट संसाधनों की राष्ट्रीय सूची के अनुसार, असम के कार्बी आंगलोंग जिले के मिकिर हिल्स के उच्च सल्फर कोयले का भूवैज्ञानिक संसाधन 3.71 मिलियन टन है।

(ख): वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान निर्यात और आयात किए गए कोयले की मात्रा क्रमशः 208.62686 मिलियन टन (अनंतिम) और 1.31583 मिलियन टन (अनंतिम) है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान आयातित लिक्विफाइड नेचुरल गैस की मात्रा 23.20 मिलियन मीट्रिक टन है और वित्त वर्ष के दौरान लिक्विफाइड नेचुरल गैस का निर्यात नहीं किया गया है।

(ग): 487 कोयला खान (उत्पादन नहीं करने वाली खानों सहित) प्रचालनरत हैं और 46 कोयला खानें गैर-प्रचालनरत हैं (सभी आंकड़े अनंतिम हैं)।
